जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय।

आम सूचना **दिनांक :– 30.1.2025**

पारा विधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

कौन आवेदन दे सकता है :– बेगूसराय जिला अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति (महिला/ पुरूष/ अन्य) जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर वर्गों एवं वंचितों के उत्थान में रूचि रखते हैं या उनके लिए कार्य करना चाहते हैं, इनमें शिक्षक (सेवानिवृत शिक्षक सहित) सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक,M.S.W छात्र एवं शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, डॉक्टर, छात्र और विधि के छात्र (जिनका अधिवक्ता के रूप में नामांकन नहीं है), गैर–राजनीतिक सेवा उन्मुख गैर–सरकारी संगठन एवं क्लब के सदस्य, स्वयं सहायता समूह, मैत्री समूह, जीविका आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो अपनी स्वेच्छा से दूसरों की सेवा में रूचि रखते हो तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार, पी.एल.भी के रूप में पहचाने जाने के लिए उपयुक्त समझे। पूर्व में चयनित इच्छुक पारा विधिक स्वयं सेवकों को भी आवेदन करना अनिवार्य है।.

पारा विधिक स्वयं सेवक के कार्य : पारा विधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता, विधिक सहायता के लिये पीड़ितों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बीच सेतु का कार्य करना, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य करना जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा दिया जाए।

आरक्षण :– पी.एल.भी पदों का आरक्षण नहीं है। परन्तु स्कीम के अनुरूप सभी वर्गो को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

शैक्षणिक योग्यता :– मैट्रिक पास एवं कम्प्यूटर का ज्ञान अनिवार्य

आवेदक विहित प्रपत्र के आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपनी शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं को प्रमाण–पत्र तथा कम्प्यूटर से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न कर तीन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ जिसमें एक आवेदन–पत्र पर तथा एक साक्षात्कार पत्र पर चिपकाया गया हो, एवं एक आवेदन–पत्र के साथ नत्थी कर एक स्वपता लिखा लिफाफा जिस पर पंजीकृत (रजिस्टर्ड) डाक टिकट सटा हुआ हो, के साथ पंजीकृत डाक से अथवा आवेदन कार्यालय अवधि के दौरान कार्यालय में जमा करें।

आवेदन भेजने का पता :– **सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय, पिन–851101**

मानदेय :– मो0 500/– रूपया प्रतिदिन यह मानदेय केवल उन विशेष दिनों के लिए होगा जिस दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार उन्हें कोई विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है। चयन प्रक्रिया– पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन, साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

नोट :–

1. पारा विधिक स्वयं सेवकों का चयन किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है और इसके लिए वे भविष्य में किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकते हैं। पारा विधिक स्वयं सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है।
2. पारा विधिक स्वयं सेवकों की नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी।
3. साक्षात्कार हेतु सूचना व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय के पोर्टल के जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय (DLSA Link) पर दिया जायेगा।
4. आवेदन की अंतिम तिथि :– 04.02.2025 के कार्यालय अवधि तक
5. पूर्व में आवेदन किये गये अभ्यर्थीयों को पुनः आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है।
6. **साक्षात्कार की तिथि :– 09.02.2025 समय 10:30 अपराह्न स्थान ए.डी.आर भवन व्यवहार न्यायालय,बेगूसराय।**

30-01-25

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बेगूसराय।

प्रपत्र

आवेदन संख्या–

(कार्यालय उपयोग के लिए) पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

पासपोर्ट साईज का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

1. आवेदक का नाम :– (हिन्दी में) –...
   (अंग्रेजी में) –...
2. पिता का नाम :– ....
3. स्थयी पता (पंचायत / वार्ड / अनुमंडल सहित)–............................
   ....
   ....
4. वर्तमान पता (पंचायत / वार्ड / अनुमंडल सहित)–.......................................
   ....
   ....
5. शैक्षणिक योग्यत :–...
   (संलग्न अभिप्रमाणित शैक्षणिक प्रमाण पत्र)..
   ....
6. अन्य योग्यता :– ....
   (संलग्न अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र)..
7. अनुभव (यदि कोई)
   (संलग्न अभिप्रमाणित समर्थक दस्तावेज दें) –..
8. लिंग– पुरूष / महिला / अन्य (चिहिंत करे)
9. जन्म तिथि –
10. मोबाईल नं0–
11. ई–मेल आई.डी. (यदि उपलब्ध हो)–
12. आवेदक की श्रेणी (सामान्य / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग / अति पिछड़ा वर्ग)–
13. क्या आप किसी आपराधिक मामले में आरोपी / दोष सिद्ध है ?– हां / नहीं
14. प्रखण्ड एवं पंचायत / वार्ड का नाम (जहां कार्य करने की ईच्छुक हो)

घोषणा

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दिए गए विवरण एवं तथ्य मेरी जानकारी में सत्य पूर्ण एवं सहीं है। यदि आवेदन में दिए गए कोई भी विवरण / तथ्य मिथ्या पाए जाते हैं तो विधि के अंतर्गत उचित कार्रवाई एवं दण्ड के लिए स्वयं उत्तरदायी होऊंगा / होऊंगी तथा पी.एल.भी के रूप में कार्य करने पर किसी प्रकार की अयोग्यता होने पर या स्थिति / पद का दुरूपयोग करने पर पी.एल.भी के रूप में मेरी सेवा समाप्त की जा सकती है।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :–

तिथि :–

जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
बेगूसराय।

पारा विधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु

साक्षात्कार पत्र

(यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नहीं है)

पासपोर्ट साईज का छायाचित्र स्वअभिप्रमाणित

क्रमांक ....

(कार्यालय उपयोग के लिए)

(आवेदक द्वारा भरा जायेगा)

1. आवेदक का नाम :–

2. पिता / पति का नाम :–

3. जन्म तिथि :–

4. स्थायी पता :–

5. पत्राचार पता :–....................................... जिला..................,..................
राज्य.........................

स्थान :– तिथि आवेदक का हस्ताक्षर

केवल कार्यालय उपयोग के लिए

साक्षात्कार की तिथि समय स्थान

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
बेगूसराय।